# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




2 वंधामा नरसंहार की 28 साल बाद खुली फाइल




4 बढ़ती मिलावटखोरी पर सख्ती जरूरी



9 मोबाइल बाजार में बजेगा 'मेड इन इंडिया' का डंका



11 भारत के लिए करो या मरो मुकाबला

# अरबों के चिटफंड घोटाले की आंच मप्र पहुंची, 16 सौ लोगों से 42 करोड़ ठगे

## सीबीआई-ईडी के बाद सीआईडी की एंट्री




| 10 | 3.51 | 105 | 11 |
|---|---|---|---|
| कंपनियों में गड़बड़झाले का मामला | करोड़ से अधिक देशभर के निवेशक | अरब की देश में निवेशकों से हुई ठगी | केस डायरियां मप्र पहुंची |

नवभारत ब्यूरो

**जबलपुर, 24 अगस्त. मध्य प्रदेश समेत देश के कई राज्यों में कम समय में पैसा दोगुना करने या अधिक ब्याज एफडी देने का झांसा देकर घोटाला करने वाली सोसायटियों के खिलाफ चल रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय जांच की आंच अब जबलपुर तक पहुंच गई है.**

सीआईडी को घपले से जुड़ी केस 11 डायरियां विवेचना के लिए मिली है. शुरुआती जांच में मध्य प्रदेश के चार जिलों से 11 केस डायरियां मिली हैं, जिसमें से तीन अशोकनगर, पांच टीकमगढ़, दमोह से एक, विदिशा से दो केस डायरियां विवेचना में शामिल है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इन 11 मामलों में सोसायटी बनाकर जालसाजों ने 1600 निवेशकों के 42 करोड़ रुपये हड़पे है. इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों भोपाल, शहडोल, सिंगरौली आदि में भी आरोपियों द्वारा इसी तरह के अपराध किए गए है. दस सोसायटियों ने देश के करीब 3 करोड़ 51 लाख निवेशकों से धोखाधड़ी करके 1 खरब 5 अरब 12 करोड़ 62 लाख की राशि निवेश कराये है. केवल मध्य प्रदेश में 2 लाख 10 हजार से अधिक निवेशकों की लगभग 4 अरब 92 करोड़ 20 लाख रुपये निवेश किए गए है. आरोपियो द्वारा विभिन्न कंपनियाँ सोसायटी अलग-अलग नामों से पंजीयन करवाकर अलग-अलग समय पर विभिन्न राज्यों में नागरिकों से भ्रमित कर राशि का एकत्रीकरण कर फरार हो गए.

### 17 राज्यों में हुई हेराफेरी, दोगुने पैसे करने का मायाजाल

देश के 17 राज्य में हेराफेरी हुई है. उत्तरप्रदेश के जिला ललितपुर में कुल 13 प्रकरण दर्ज किए गए है. अन्य राज्यों दिल्ली, उत्तराखंड, असम, बिहार, हरियाणा, हिमाचल, झारखंड, उडीसा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, पंजाब में प्रकरण दर्ज किए गए हैं. आरोपियों के काम करने का तरीका बेहद शातिराना है. छोटे जिलों और कस्बों में सोसायटियां खोलकर स्थानीय लोगों को ही मैनेजर और एजेंट नियुक्त किया जाता था ताकि लोगों को भरोसा हो सके. कम समय में पैसा दोगुना करने या अधिक ब्याज एफडी देने का झांसा देकर निवेश कराया जाता था. जैसे ही खातों में बड़ी रकम जमा होती थी तो सोसायटी के मुख्य कर्ता धर्ता भाग जाते थे.

### नियमों की धज्जियां उड़ाईं

सोसायटी का पंजीयन प्रदेश स्तर पर न करावाकर उसे केन्द्रीय सहकारी समिति, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली से पंजीकृत करवाया गया था सभी सोसाइटियों ने अपनी सीमाओं एवं शर्तों का उल्लंघन किया है. सोसायटी द्वारा आरबीआइ से लायसेंस नही लिया गया था. एनबीएफसी का कार्य नहीं कर सकती थी जो केंद्रीय रजिस्टार द्वारा पंजीयन के समय लगाई गई शर्तों का भी उल्लघंन किया गया है. यह केवल अपने सदस्यों से ही पैसा ले सकते थे, उनके कल्याण संबंधी कार्यों पर खर्च कर सकते थे जो इन्होंने नहीं किया.

### मास्टरमाइंड समेत 16 कर्ताधर्ता

इन कंपनियों में मुख्य कर्ताधर्ता मास्टरमाइंड समीर अग्रवाल निवासी नवी मुंबई, सुतीक्षण सक्सेना निवासीसागर, रवि तिवारी उर्फ रविशंकर तिवारी दोनों निवासी भोपाल, आलोक कुमार जैन उर्फ आलोक जैन निवासी ललितपुर, सूरज रैकवार, अवनीशअरजरिया, अनुराग चिल्लन, अजय तिवारी,सुबोध रावत, जिया लाल राय सभी निवासी टीकमगढ़, सुरेन्द्र पाल उर्फ सुरेन्द्र पाल सिंह, ललितपुर, पंकज अग्रवाल निवासी नवी मुंबई, महाराष्ट्र समेत सुबतू जैन, वियज शुक्ला, राहुल यादव, सचिन जैन शामिल है.

# प्रदर्शनकारियों के यौन उत्पीड़न मामलों की पहले होगी जांच

नवभारत न्यूज नेटवर्क


**नई दिल्ली, 24 अगस्त. नवभारत न्यूज. सुप्रीम कोर्ट ने जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शन के दौरान महिला प्रतिभागियों की ओर से लगाए गए यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के आरोपों को गंभीरता से लिया है.**



**जंतर-मंतर प्रदर्शन पर बोले सीजेआई सूर्यकांत**

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पुलिस कार्रवाई से जुड़े आरोपों की पड़ताल के लिए गठित उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति इन शिकायतों की प्राथमिकता के आधार पर जांच करेगी. अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित मामलों पर समिति को जल्द अंतरिम रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है.

ऐडवोकेट शोभा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाली महिला प्रदर्शनकारियों के यौन उत्पीड़न पर कोर्ट को स्वत: संज्ञान लेना चाहिए.

यूपीआई के दस वर्षों का जश्न मनाते हुए!


# प्रदेश पर बादल मेहरबान, 22 जिलों में अलर्ट

## भोपाल, जबलपुर, नर्मदापुरम, चंबल और रीवा संभाग में झमाझम बारिश

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 24 अगस्त. मध्यप्रदेश में मानसून की बारिश की पट्टी अब पश्चिम और मध्य हिस्सों से होते हुए महाकौशल व पूर्वी जिलों की तरफ बढ़ रही है. सोमवार को जबलपुर, चंबल और नर्मदापुरम संभाग में तेज बारिश हुई. कई जगह नदी-नाले उफनने और निचले इलाकों में पानी भरने से बाढ़ जैसे हालात बने.**



**निचले इलाकों में जलभराव**

अशोकनगर में एक युवक बाइक समेत तेज बहाव में बह गया. लगातार बारिश का असर सड़क यातायात के साथ रेल और हवाई सेवाओं पर भी पड़ा है. मौसम विभाग ने प्रदेश के 22 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है. अगले तीन दिन तक भोपाल, नर्मदापुरम, सागर, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, नरसिंहपुर, कटनी, मैहर, बैतूल, गुना, राजगढ़, दमोह, छतरपुर और टीकमगढ़ में अति भारी बारिश की चेतावनी है.

### दिल्ली तरबतर, उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली.** देश के कई हिस्सों में सोमवार को मानसून की तेज बारिश ने जनजीवन प्रभावित कर दिया. दिल्ली-एनसीआर में सुबह से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव हो गया और दिल्ली एयरपोर्ट से 15 उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा. 26 उड़ानें रद्द हुई हैं, जबकि करीब 250 फ्लाइट देरी से चल रही हैं. उधर, उत्तर प्रदेश के 19 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं. मध्य प्रदेश में भी कई इलाकों में भारी बारिश के कारण नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ा है. छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई.

### एक नजर में

**मार्शे रिटेल का लाइसेंस सस्पेंड**

**नई दिल्ली.** घी और अन्य खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कार्रवाई की है. नियामक ने दिल्ली की मार्शे रिटेल प्राइवेट लिमिटेड का खाद्य लाइसेंस 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया है. वहीं, दमन स्थित एसडीपी इंडस्ट्रीज का लाइसेंस रद्द कर दिया.

**सीबीआई बन फर्जी रेड, दिल्ली में सात गिरफ्तार**

**नई दिल्ली.** दिल्ली में सीबीआई अधिकारियों का रूप धारण कर एक आवास पर फर्जी छापेमारी करने की कोशिश के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपी फर्जी पहचान पत्र और सीबीआई का लोगो लगे कपड़े दिखाकर घर में घुसना चाह रहे थे.

**मराठी के विरोध में हड़ताल पर ऑटो चालक**

**मुंबई.** नवभारत न्यूज मुंबई में मराठी भाषा के नियम को लेकर ऑटो-रिक्शा चालकों और सरकार के बीच विवाद बढ़ गया है. गैर-मराठी भाषी चालकों ने सोमवार से तीन दिन की हड़ताल का ऐलान किया है. प्रदर्शनकारी चालकों का कहना है कि उम्रदराज लोगों के लिए नई भाषा सीखना मुश्किल है.

# एसएनसीयू धधका, तीन शिशु जले, 36 नवजात को बचाया

**महाराष्ट्र के अमरावती में अस्पताल में भीषण आग**

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**अमरावती, 24 अगस्त. महाराष्ट्र के अमरावती जिला महिला अस्पताल में आग लगने से तीन नवजातों की मौत हो गई. घटना सुबह करीब 3:30 बजे अस्पताल की तीसरी मंजिल पर स्थित स्पेशल चाइल्ड केयर यूनिट में हुई. हादसे के समय वार्ड में कुल 39 नवजात भर्ती थे. इनमें से 36 बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.**



कमिश्नर राकेश ने बताया कि यूनिट तीन हिस्सों में बंटा था. इनमें से एक कंपार्टमेंट में नौ नवजात मौजूद थे और आग इसी हिस्से में फैली. छह बच्चों को उपचार के लिए दूसरी जगह स्थानांतरित किया गया है. आग लगने के बाद अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई. वार्ड में धुआं भर जाने पर सुरक्षा गार्ड और नर्स बच्चों को बाहर निकालने के लिए सबसे पहले अंदर पहुंचे. कई बच्चों के शरीर पर धुएं और राख के निशान थे. परिजनों ने अस्पताल की अग्निसुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि आग लगने के बाद वॉटर स्प्रे सिस्टम सक्रिय नहीं हुआ. हालांकि, आग लगने की वास्तविक वजह की आधिकारिक

### उच्चस्तरीय जांच के आदेश

घटना के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं. उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के सचिव को अमरावती पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने के निर्देश दिए. राज्य सरकार ने मृत नवजातों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है.

### पांच साल में चार बड़ी घटनाएं, 28 नवजातों की मौत

| स्थान | तारीख/समय | मौत | घायल |
|---|---|---|---|
| छिंदवाड़ा | 22 अगस्त 2026 | 1 नवजात | 2 झुलसे |
| झांसी | नवंबर 2025 | 10 नवजात | 16 झुलसे |
| विवेक विहार | मई 2024 | 7 नवजात | |
| भंडारा | जनवरी 2021 | 10 नवजात | |

# आधी रात जंतर-मंतर से खदेड़ा

## आरक्षण के खिलाफ दिल्ली से यूपी तक प्रदर्शन

नवभारत न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली/लखनऊ, 24 अगस्त. दिल्ली में आधी रात जंतर-मंतर पर आरक्षण वापस लो की मांग के साथ बड़ी संख्या में जुटे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की नींद उड़ा दी.**

आनन-फानन मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया और उन्हें प्रदर्शन स्थल से दूर ले जाकर छोड़ा. इसके साथ ही इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई. सोमवार को दिन में जंतर-मंतर पहुंचने वाले युवाओं को भी पुलिस ने एकत्रित होने की



अनुमति नहीं दी. प्रदर्शनकारियों का विरोध आरक्षण नीति, 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026' और रोस्टर सिस्टम को लेकर था.

उधर, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भी आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन हुआ. सवर्ण मोर्चा के प्रदर्शनकारियों ने गोमतीनगर के 1090 चौराहे पर करीब आधे घंटे तक प्रदर्शन किया. सवर्ण सांसदों तथा विधायकों की सांकेतिक शवयात्रा निकाली.

### तमिलनाडु की 5 सीटों पर उपचुनाव टला

**चेन्नई, 24 अगस्त.** मद्रास हाईकोर्ट ने तमिलनाडु की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने की प्रक्रिया को लेकर अहम आदेश दिया है. अदालत ने चुनाव अधिसूचना जारी करने पर लगी अंतरिम रोक को अब 8 सितंबर तक बढ़ा दिया है. यह मामला उन चुनाव याचिकाओं से जुड़ा है, जिनका निपटारा अभी अदालत में होना बाकी है.

**मद्रास हाईकोर्ट ने रोक 8 सितंबर तक बढ़ाई**

# पंजाब में निशाने पर सेना के कैंप

**आतंकी साजिश का इनपुट, रेकी से अलर्ट**

**नई दिल्ली, 24 अगस्त. पंजाब में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने की आशंका से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं. पाकिस्तान से जुड़े दो ऑपरेटिव्स ने अमृतसर जिले में सैन्य प्रतिष्ठानों की रेकी की है.**

इनपुट मिलने के बाद पंजाब पुलिस समेत संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाने और सूचना को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए गए हैं. खुफिया एजेंसियों को आशंका है कि पाकिस्तान से जुड़े ऑपरेटिव्स अमृतसर जिले में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की साजिश कर सकते हैं. इन ऑपरेटिव्स की पहचान राणा भाई और मलिक के तौर पर बताई गई है.



खुफिया इनपुट में कहा गया है कि खासा छावनी और उसके आसपास के इलाके में रेकी की गई. खासा छावनी के पास कुछ समय पहले विस्फोट की घटना भी हुई थी.

# कुंभ के खर्च का .1% भी कई स्कूल बचा लेगा

## बंद हो रहे सरकारी स्कूलों पर सुको जज की तल्ख टिप्पणी

**नई दिल्ली, 24 अगस्त. सुप्रीम के जस्टिस प्रसन्ना बी वराले ने राज्यों में घटते शिक्षा बजट पर गंभीर चिंता जताई.**

महाराष्ट्र के धुले में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने महाराष्ट्र में सरकारी मराठी स्कूलों के बंद होने और नासिक-त्र्यंबकेश्वर कुंभ मेले पर खर्च होने वाले करोड़ों रुपए के अंतर को उजागर करते हुए कहा कि नासिक कुंभ मेले पर होने वाले खर्च का अगर सिर्फ .1 फीसदी हिस्सा भी शिक्षा पर खर्च किया जाता तो राज्य के करीब 100 से 125 स्कूलों को बंद होने से बचाया जा सकता था.



जस्टिस वराले ने कहा, उप मुख्यमंत्री ने कुंभ मेले के लिए 32,000 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री ने 34,000 करोड़ रुपये का जिक्र किया.इन हजारों करोड़ रुपये के फंड में से सरकार सिर्फ .1% यानी लगभग 32 करोड़ रुपये भी खर्च करती तो राज्य भर में 100 से 125 मराठी मीडियम स्कूल बंद नहीं होते.

**मप्र में भी बच सकते थे स्कूल**

मप्र सरकार का मौजूदा वित्तीय वर्ष का शिक्षा बजट 45 करोड़ रुपये है. वहीं 2028 में होने वाले उज्जैन सिंहस्थ के लिए सरकार करीब 14 हजार करोड़ खर्च करने वाली है. इसी साल 3000 करोड़ आवंटित किए गए हैं. जबकि राज्य में पिछले दो वर्षों में 4000 स्कूल बंद हो चुके हैं.

### नीट पीजी एडमिट कार्ड आज होगा जारी

**नई दिल्ली.** मेडिकल स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए अहम अपडेट सामने आया है. नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज अब नीट पीजी 2026 का एडमिट कार्ड 25 अगस्त को जारी करेगा. पहले इसे 24 अगस्त को उपलब्ध कराया जाना था. असम और मेघालय से मिले अनुरोधों तथा कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के चलते कार्यक्रम में बदलाव किया गया है.

**30 को परीक्षा, 2.7 लाख पंजीकरण**

**आस्था** | महाकाल ने चार रूप में दर्शन देकर अभिभूत किया, मार्ग में लोगों को 11 हजार पौधे बांटे

# श्रावण की आखिरी सवारी, लाखों श्रद्धालु उमड़े, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत न्यूज

**उज्जैन, 24 अगस्त. श्रावण के अंतिम सोमवार को उज्जैन में निकली महाकाल की सवारी में पहली बार प्रशासन ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया. राजाधिराज महाकाल ने लाखों भक्तों को चार रूपों में दर्शन देकर अभिभूत किया.**

चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर थे तो गरु? के रथ पर शिव तांडव, नंदी के रथ पर उमा-महेश और पीछे हाथी पर मनमहेश थे. दोपहर में मंदिर के सभा मंडप में पूजन के बाद शाम 4 बजे सवारी निकलना शुरू हुई. पूजन शासकीय पुजारी घनश्याम गुरु ने संपन्न कराया. इसके बाद पालकी बाहर मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंची जहां सशस्त्र बल के जवानों ने सलामी देकर राजाधिराज महाकाल को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया. सवारी के दौरान समिति ने 11 हजार पौधे श्रद्धालुओं में वितरित किए.



साथ ही आम जनों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया गया. इस दौरान प्रकृति की रक्षा, महाकाल की सच्ची भक्ति का संदेश लिखे बैनर भी निकाले गए. श्रद्धालुओं से प्लास्टिक का त्याग करने, एक पेड़ लगाने, मां शिप्रा को स्वच्छ रखने तथा निर्माल्य नदी में न डालकर निर्धारित पात्र में डालने की अपील भी की गई.

# एसी फर्स्ट में चूहे ने कुतरी यात्री की नाक

## रेलवे के दावों की खुली पोल, ऊना-इंदौर एक्सप्रेस का मामला

नवभारत न्यूज

**इंदौर, 24 अगस्त. फर्स्ट एसी में सफर, लेकिन रात में चूहे का आतंक चंडीगढ़ से इंदौर आ रही ऊना-इंदौर एक्सप्रेस के एच 1 कोच में 78 वर्षीय यात्री एचपी करण की सोते समय चूहे ने उनकी नाक कुतर दी.**

हैरानी की बात यह है कि परिजनों ने सफर शुरू होते ही कोच में चूहा घूमने की शिकायत रेलवे स्टाफ से की थी, लेकिन आरोप है कि उसे हटाने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई.

घटना के बाद ट्रेन में हड़कंप मच गया. आगरा के आसपास डॉक्टर ने बुजुर्ग को देखा. इंदौर पहुंचने पर परिजन उन्हें कोकिलाबेन अस्पताल ले गए, जहां रेबीज से बचाव का इंजेक्शन लगाया गया. रेलवे अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, गाड़ी संख्या 19308 वेस्टर्न रेलवे की है और इसमें हर 15 दिन में पेस्ट कंट्रोल किया जाता है.



**ट्रेन से लहूलुहान उतरा बुजुर्ग अस्पताल में भर्ती**

### शिकायत पहले, कार्रवाई बाद में भी नहीं

परिजनों के मुताबिक, कोच में गंदगी और चूहे की शिकायत की गई थी. रेलवे कर्मचारियों ने सफाई तो कर दी, लेकिन चूहे को पकड़ने या तत्काल पेस्ट कंट्रोल कराने की व्यवस्था नहीं की गई. इसके बाद चूहा रात तक कोच में घूमता रहा और आखिरकार बुजुर्ग पर हमला कर दिया.